

# महाकाल तक सिक्सलेन ब्रिज का श्रीगणेश

- पुराने हरिफाटक के समानांतर नया ब्रिज
- 371 करोड़ से एमपीआरडीसी कर रही निर्माण

रवि इंफ्रा ने साइड की ओपन

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. महाकाल की नगरी में सबसे चर्चित हरीफाटक ब्रिज है, जो नीलगंगा से बेगमबाग होते हुए महाकाल मंदिर तक 4 लेन बनेगा, पुराने टू लाइन ब्रिज के समीप से होता हुआ यह ब्रिज सीधे नीलकंठ द्वार तक सिक्स लाइन के रूप में पहुंचेगा, जिसका श्री गणेश मंगलवार को कर दिया गया.**

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच शहर के सबसे चर्चित हरिफाटक ब्रिज प्रोजेक्ट की शुरुआत हो गई है, ब्रिज की फोरलेन शाखा का विधिवत श्रीगणेश हो गया है और मौके पर बोरिंग व पिलर के पॉइंट्स चिन्हित करने का काम शुरू हो चुका है. निर्माण एजेंसी ने जैसे-जैसे साइट खाली हो रही है, वैसे-वैसे काम आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई है.

**महाकाल तक सीधा सिक्स लेन** - हरिफाटक का मौजूदा दो लेन ब्रिज और नया फोरलेन ब्रिज मिलकर इसे सिक्स लेन में तब्दील करेंगे. यह कॉरिडोर सीधे महाकाल मंदिर को इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन मार्ग से जोड़ेगा. वर्तमान में लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरते हैं, जबकि सिंहस्थ के दौरान यह संख्या करोड़ों में पहुंचने का अनुमान है.

**40 करोड़ श्रद्धालु ब्रिज पर**- नवभारत से चर्चा में जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया सिंहस्थ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने की संभावना है. इसी को ध्यान में रखते हुए ब्रिज और सड़क को सिक्स लेन बनाया जा रहा है, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचा जा सके और आवागमन सुगम रहे.

### स्थानियों और श्रद्धालुओं का फायदा

सिक्स लेन ब्रिज और सड़क बनने के बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा. श्रद्धालुओं, साधु-संतों और स्थानीय नागरिकों को जाम से राहत मिलेगी. साथ ही सेंट्रल डिवाइडर और सर्विस रोड जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे यातायात और अधिक व्यवस्थित होगा. कुल मिलाकर यह प्रोजेक्ट सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित होगा.

### एमपीआरडीसी ने शुरू कराया निर्माण

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्माण एमपीआरडीसी द्वारा कराया जा रहा है. करीब 371 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस ब्रिज का टेंडर रवि इंफ्रा को मिला है. निर्माण एजेंसी को 18 महीने में काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है.

**मकान हटाने की कार्रवाई तेज**-ब्रिज निर्माण में बाधा बन रहे मकानों को हटाने की कार्रवाई भी जारी है. विकास प्राधिकरण द्वारा जिन निर्माणों की अनुमति एवं लीज निरस्त की जा चुकी है, उन्हें हटाया जा रहा है. प्रभावित रहवासी कोर्ट पहुंचे, बावजूद अब तक राहत नहीं मिल सकी है. जैसे-जैसे स्टे खारिज हो रहे हैं, वैसे-वैसे प्रशासन और प्राधिकरण कार्रवाई तेज कर रहा है.

**इंदौर से उज्जैन तक सिक्स लेन** -हरिफाटक ब्रिज, इंदौर से उज्जैन तक बन रहे सिक्स लेन कॉरिडोर का अहम हिस्सा है. करीब 46 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 3 फ्लायओवर, 6 अंडरपास और 8 जंक्शन बनाए जा रहे हैं. इस परियोजना पर लगभग 1692 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिससे यात्रा समय में बड़ी कमी आएगी.

# टैंकर-कार भिड़ंत में 5 युवकों की मौत, 2 गंभीर

- जुलवानिया टोल के पास हादसा,
- बारात से लौटते वक्त हुआ एक्सीडेंट, ड्राइवर फरार



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बड़वानी जिले में मंगलवार दोपहर जुलवानिया टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार टैंकर और कार की आमने सामने टक्कर में 5 युवकों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. सभी युवक एक बारात से लौट रहे थे.**

पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 2.30 बजे रास्ते में एक वाहन का डीजल खत्म होने पर कुछ युवक दूसरी कार से डीजल लेने निकले थे. इसी दौरान खरगोन की ओर से आ रहे टैंकर ने कार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक अंदर फंस गए. घटना की सूचना मिलते ही जुलवानिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद घायलों व मृतकों को बाहर निकाला. घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां इलाज के दौरान दो और युवकों की मौत हो गई. जुलवानिया पुलिस ने बताया कि टैंकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है. वाहन जब्त कर लिया है और आरोपी की तलाश के साथ ही पूरे मामले की जांच जारी है. हादसे में 25 वर्षीय सचिन गोकुल वास्कले, 25 वर्षीय प्रद्युम्न सहते, 29 वर्षीय पप्पू, 25 वर्षीय आकाश और 30 वर्षीय यशवंत सुपड़िया की मौत हो गई, जबकि 28 वर्षीय सुरेश और 28 वर्षीय सोहन गंभीर रूप से घायल हैं.

# सरकार के प्रयास को किया बाधित: प्रहलाद



**भोपाल, 21 अप्रैल. मध्यप्रदेश के श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में केंद्र सरकार के रचनात्मक प्रयास को जिस प्रकार बाधित किया गया, उससे पूरे देश में उभरती नारी शक्ति में स्वाभाविक नाराजगी देखी जा रही है. श्री पटेल ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मीडिया से चर्चा में कहा कि यह केवल महिलाओं के सम्मान का विषय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न करने का गंभीर मामला भी है.**

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की कार्यवाही को इस प्रकार बाधित करना भारतीय राजनीति में एक अपवाद जैसा है, जो अत्यंत चिंताजनक है. प्रतिपक्ष के दल चाहे कांग्रेस हो या अन्य क्षेत्रीय दल, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित न होने देने के लिए समान रूप से जिम्मेदार प्रतीत होते हैं.

# मैनिट में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन शुरू, 20 मई तक मौका

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 21 अप्रैल. भोपाल के प्रतिष्ठित संस्थान मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान -मैनिट- में शैक्षणिक सत्र जुलाई 2026 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है. संस्थान ने पूर्णकालिक और अंशकालिक दोनों श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए हैं.**

इच्छुक अभ्यर्थी 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. संस्थान द्वारा जारी सूचना के अनुसार पूर्णकालिक श्रेणी में संस्थान फेलोशिप के साथ लगभग 200 सीटें उपलब्ध हैं. वहीं यूजीसी नेट या सीएसआईआर जेआरएफ के साथ प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों के लिए सीटों की कोई निश्चित सीमा नहीं रखी गई है. स्ववित्तपोषित और प्रायोजित श्रेणियों में भी सीमित सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा. अंशकालिक पीएचडी में कार्यरत पेशेवरों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न श्रेणियां रखी गई हैं जिनमें सीटों की कोई तय सीमा नहीं है. जबकि प्रोजेक्ट आधारित उम्मीदवारों को फेलोशिप के साथ शोध का अवसर मिलेगा. संस्थान प्रशासन ने अभ्यर्थियों को समय सीमा के भीतर आवेदन करने की सलाह दी है. अधिक जानकारी और आवेदन प्रक्रिया संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है.

# पीडब्ल्यूडी के दो अधिकारी 2 .5 लाख की रिश्वत लेते धराए, तीसरा भी जांच के दायरे में

- लोकायुक्त इंदौर की बड़ी कार्रवाई
- ठेकेदार के बिल भुगतान के एवज में मांगी थी 3 .5 लाख की रिश्वत





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी ) के कार्यपालन यंत्री और एसडीओ को 2.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया. मामला ठेकेदार के बिल भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने से जुड़ा है. तीसरे आरोपी उपयंत्री की भूमिका भी जांच में है.**

लोकायुक्त पुलिस द्वारा दी गई अधिकृत जानकारी के अनुसार धार निवासी ठेकेदार राजपाल सिंह पंवार ने शिकायत की थी कि उनकी फर्म द्वारा किए गए सड़क निर्माण कार्य के अंतिम बिल भुगतान के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी 3.50 लाख रुपए रिश्वत मांग रहे हैं. सत्यापन के बाद मंगलवार 21 अप्रैल को ट्रैप दल गठित कर कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम को उनके सरकारी निवास पर 1.50 लाख रुपए लेते हुए पकड़ा, जबकि एसडीओ टीके जैन को कार्यालय परिसर में 1 लाख रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. उपयंत्री अंशु दुबे ने भी रिश्वत की मांग की थी, लेकिन तय रकम कम होने के कारण वह राशि नहीं ली गई. तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. लोकायुक्त टीम में कार्रवाई के दौरान निरीक्षक आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे.

# बारातियों को मीठा खाना पड़ा भारी, 150 लोग बीमार

**धार.** जिले की बदनावर तहसील के ग्राम बखतपुरा में शादी समारोह के दौरान दूषित मिठाई खाने से 150 से अधिक लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई. रतलाम जिले से आई बारात में मेहमानों ने कलाकंद और आलू बड़े का नाश्ता किया था. इसके करीब डेढ़ घंटे बाद ही बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने लगी.

जानकारी के अनुसार ग्राम बखतपुरा निवासी राधेश्याम पटेल के परिवार में शादी थी. नाश्ते के बाद मेहमानों को बेचैनी और उल्टी की शिकायत होने पर उन्हें गांव के साथ ही भैंसोला, धारसीखेड़ा, संदला, तिलगारा सहित आसपास के अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में भर्ती कराया गया. ई लोग शादी समारोह से लौटते समय मार्ग में पड़ने वाले अस्पतालों में भी इलाज के लिए पहुँचे. ग्राम भैंसोला के पाटीदार हॉस्पिटल और बस स्टैंड स्थित डॉ. गोपालसिंह ठाकुर के क्लीनिक में बड़ी संख्या में प्रभावित लोग भर्ती हुए. अधिकांश मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद तीन घंटे में छुट्टी दे दी गई. बताया गया कि करीब 300 लोगों ने नाश्ता किया था, जिनमें से लगभग 150 लोग प्रभावित हुए. देर शाम तक प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई जांच नहीं की गई थी. ग्रामीणों ने मांग की है कि दूषित मिठाई की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए.

# आरक्षण लागू करने में जानबूझकर देरी : रागिनी

## आधी आबादी 33% आरक्षण के अधिकार को हर हाल में हासिल करेगी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 अप्रैल. कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के बावजूद महिलाओं को आरक्षण लागू करने में जानबूझकर देरी की जा रही है.**

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुश्री नायक ने कहा कि 'आधी आबादी' अपने 33 प्रतिशत आरक्षण के अधिकार को हर हाल में हासिल करेगी, चाहे इसके लिए कितनी भी राजनीतिक बाधाएँ क्यों न हों.



परिसीमन को राजनीतिक हथियार बनाया गया

विपक्ष की एकता ने विभाजनकारी संशोधन रोका

> कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का हवाला देते हुए सुश्री नायक ने कहा कि पार्टी महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाएँ भी शामिल हैं. उन्होंने राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के नेतृत्व में किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया और आगामी मानसून सत्र में 'पूर्ण राजनीतिक सहमति' के साथ महिला आरक्षण लागू करने की मांग की.

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार परिसीमन को एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जिससे दक्षिणी और छोटे राज्यों के प्रतिनिधित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है.

नायक ने 17 अप्रैल को विपक्ष की एकजुटता को श्रेय देते हुए कहा कि इसने 'विभाजनकारी संवैधानिक संशोधन' को रोक दिया, जिसे उन्होंने लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता की जीत बताया. उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून आज भी प्रभावी है, लेकिन सरकार की निष्क्रियता के कारण लागू नहीं हो पा रहा है.

# विशेष सत्र को लेकर उमंग सिंघार ने उठाए सवाल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 अप्रैल. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम पर 27 अप्रैल को विशेष विधानसभा सत्र बुलाने के मध्य प्रदेश सरकार के निर्णय पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का महिलाओं के अधिकार और आरक्षण के मुद्दे पर रुख हमेशा स्पष्ट और मजबूत रहा है.**



सिंघार ने एक बयान में आरोप लगाया कि 'नारी शक्ति' के नाम पर राजनीतिक अवसर दिखाई देते ही इस तरह के विशेष सत्र बुलाए जाते हैं. उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिलाओं को आरक्षण देने के पक्ष में है और किसी भी ईमानदार पहल का समर्थन करेगी. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महिला सशक्तिकरण की आड़ में संविधान से छेड़छाड़ की कोशिश की गई, तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा. उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए दूषित कफ सिरप से मौत, असुरक्षित पेयजल, नवजात शिशुओं की सुरक्षा में लापरवाही तथा ओबीसी और आदिवासी वर्ग के साथ अन्याय जैसे मुद्दे भी उठाए.



### भाजपा के जिला कार्यालयों के निर्माण के संबंध में बैठक

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 19 निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के संदर्भ में जिला अध्यक्षों एवं जिला कार्यालय निर्माण समिति के सदस्यों की बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, टोली सदस्य गौरव गर्ग एवं अनंत मुकाती उपस्थित रहे.

# बढ़ते अपराधों पर व्यापारियों ने घेरा थाना

**जबलपुर.** महिला संबंधित अपराधों के बढने और दुष्कर्म पीड़िता की पहचान को उजागर करने वालों पर कार्रवाई को लेकर कांचघर चुंगी चौकी व्यापारी संघ ने मार्चा खोल दिया. आक्रोशित व्यापारियों ने थाने का घेराव किया. घमापुर क्षेत्र में बढ़ते महिला अपराधों के चलते क्षेत्र की महिलाएं एवं बालिकाएं असुरक्षित एवं भयभीत महसूस कर रही है. दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने एवं उसका चरित्र हनन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाएं. सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर पीड़िता से संबंधित भ्रामक एवं अवैध सामग्री के प्रसार को तत्काल रोका जाए एवं उसे हटवाया जाएं.

# मध्यप्रदेश में उमस भरी गर्मी से राहत नहीं

## खजुराहो में 43 डिग्री तापमान दर्ज

**भोपाल, 21 अप्रैल. मध्यप्रदेश में इस समय भीषण गर्मी ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. हालात यह हैं कि दिन के साथ-साथ अब रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है.**





सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा नजर आने लगा है और लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं. तेज धूप और लू से बचने के लिए लोग सावधानी बरत रहे हैं, खासकर महिलाएं और युवतियां चेहरे को कपड़े से ढंककर बाहर निकल रही हैं. मौसम विभाग ने इस बार प्रदेश में पहली बार 'वॉर्म नाइट' का अलर्ट जारी किया है. भोपाल समेत सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने की संभावना जताई गई है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री अधिक हो और दिन का तापमान 40 डिग्री या उससे ऊपर रहे, तो उसे वॉर्म नाइट कहा जाता है.

> प्रदेश के सबसे गर्म शहरों की बात करें तो खजुराहो में 43 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जबकि दतिया, रतलाम, सीधी, रीवा और श्योपुर जैसे शहरों में भी पारा 42 डिग्री के आसपास बना हुआ है. ग्वालियर में 42 .5 डिग्री, जबकि भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी तापमान 39 डिग्री के करीब दर्ज किया गया. आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने के आसार हैं. अप्रैल और मई को गर्मी का पीक सीजन माना जाता है, और इस बार भी यही स्थिति बनती नजर आ रही है.

**आरोप** | पटवारी ने कथित पत्र मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर प्राथमिकी का मुद्दा उठाया

# असहमति की आवाज को दबाने की प्रवृत्ति बढ़ी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे के सोशल मीडिया पर वायरल कथित पत्र को लेकर उपजे विवाद पर भाजपा पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने पारदर्शिता, राजनीतिक मंशा और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर चिंताएं जताई हैं.**



घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए पटवारी ने कहा कि यह पत्र महज एक राजनीतिक बयान नहीं है, बल्कि एक ऐसा दस्तावेज़ है जो महिलाओं के आरक्षण की आड़ में संभावित अनियमित परिसीमन जैसे गंभीर मुद्दों की ओर संकेत करता है. उन्होंने जोर दिया कि पत्र में उठाए गए प्रश्न लोकतांत्रिक निष्पक्षता से सीधे जुड़े हैं और इस पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी तथा समयबद्ध जांच होनी चाहिए.

घटनाओं के क्रम पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि 15 तारीख को लिखा गया यह पत्र सार्वजनिक होने के बाद व्यापक चर्चा में आया, लेकिन कुछ ही दिनों में राजे ने इसका खंडन कर दिया. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह खंडन स्वेच्छा से किया गया या किसी दबाव में आकर और आरोप लगाया कि भाजपा में असहमति की आवाज़ों को दबाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है. पटवारी ने कहा कि यदि पत्र में कही गई बातें निराधार हैं तो भाजपा को तथ्यों के साथ इसका स्पष्ट खंडन करना चाहिए, लेकिन यदि इसमें सच्चाई का अंश है तो उससे ध्यान भटकाने के बजाय उस पर गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए.

> उन्होंने सोशल मीडिया पर पत्र साझा करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर की भी आलोचना करते हुए इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला और राजनीतिक असहिष्णुता का संकेत बताया. उन्होंने कहा कि चुनिंदा कार्रवाई कानून के दुरुपयोग की ओर इशारा करती है और कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी तथा पारदर्शिता और लोकतांत्रिक जवाबदेही के लिए संघर्ष जारी रखेगी.

# पशु तस्करी पर पुलिस का बड़ा अभियान

## 178 गौवंश, अन्य मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराया

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 अप्रैल. मध्य प्रदेश पुलिस ने अवैध गौवंश परिवहन और पशु तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है.**

हालिया समन्वित कार्रवाई में पुलिस ने 178 गौवंश एवं अन्य मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराया है, साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त किया गया है. अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई सक्रिय पुलिसिंग, जिलों के बीच बेहतर समन्वय और तकनीकी निगरानी के माध्यम से संभव हो सकी.



अभियान के तहत कई संगठित गिरोहों पर भी शिकंजा कसा गया है. सतना जिले के चित्रकूट क्षेत्र में पुलिस ने एक कंटेनर ट्रक को रोककर 53 भैंस और पड़वों को मुक्त कराया तथा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया.

> शिवपुरी के कोलारस में 31 गौवंश को अवैध परिवहन से छुड़ाया गया, जबकि पन्ना में पांच फरार आरोपियों को पकड़कर 14 मवेशी और वाहन जब्त किया गया. शहडोल के देवलोंद में 36 मवेशियों की जब्ती के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जहां जब्त संपत्ति की कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है. इसी तरह बड़वानी, राजगढ़ और सीहोर में भी कार्रवाई कर पशु तस्करी और चोरी से जुड़े मामलों का खुलासा किया गया. खरगोन और बुरहानपुर में भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए पशुओं, जिसमें एक बैल जोड़ी भी शामिल है, को बरामद किया.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60